दैनिक न्याय साक्षी

# खबरें खास

रायगढ़, सोमवार 20 सितंबर 2021

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### भाजपा सरकार में मंत्री रहे भाटिया ने लगाई फांसी

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार में मंत्री रहे रजिंदरपाल सिंह भाटिया ने आज राजनांदगांव जिले के छुरिया स्थित अपने आवास में आत्महत्या कर ली। भाटिया राजनांदगांव के छुरिया में अपने छोटे भाई के साथ रहते थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज शाम को वह घर पर अकेले थे। उनके भाई जब घर पहुंचे तो भाटिया अपने कमरे में फांसी पर लटके मिले। आत्महत्या का कारण फिलहाल साफ नहीं हो सका है। श्री भाटिया कुछ दिनों से अपने स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से काफी विचलित थे, भाटिया के आत्महत्या करने की खबर से इलाके के लोग आश्चयचकित हैं। भाटिया ने परिवहन मंत्री और सीएसआईडीसी के चेयरमैन का पद भी संभाला। वर्ष 2014 के विधानसभा चुनाव में जब उन्हें भाजपा की ओर से टिकिट नहीं दिया गया तो उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा। उस समय कांग्रेस के भोलाराम साहू विधायक चुने गए। उस चुनाव में निर्दलीय लड़े भाटिया दूसरे स्थान पर रहे। भाटिया के आत्महत्या की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाने व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उनके निवास पहुंचकर आगे की कार्यवाही कर रहे है।

### नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम,आईईडी बम बरामद

**धमतरी (आरएनएस)।** सुरक्षा बल के जवानों ने नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस और सुरक्षा बल के जवानों को जिले के रिजर्व फॉरेस्ट एरिया में लगाकर रखे गए 10 किलो वजन के आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) को बरामद करने के साथ ही नष्ट कर दिया। इस तरह से एक बड़ी घटना होने से बच गई। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह सिहावा थाना क्षेत्र में सांकरा गांव से करीब आठ किलोमीटर दूर आईईडी बम बरामद किया गया। नक्सलियों ने खल्लारी थाना जाने वाली कच्ची सड़क पर भीरागहीन के पास द्वश्वष्ठ बम प्लांट होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद सिहावा, नगरी थाना पुलिस, डीआरजी और बीडीएस के साथ डॉग स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची। बम को बरामद करने के बाद नष्ट कर दिया गया है।

### पान ठेले के पास डिलवरी ब्वाय को बाइक पार्क करना पड़ा मंहगा, बाइक समेत अन्य सामान पार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के कुशालपुर चौक के पास से जोमेटो कंपनी के डिलवरी व्याय का किसी ने बाईक व उसमें रखा मोबाइल तथा पर्स चोरी कर लिया।मामले की रिपोर्ट पुरानी बस्ती थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक हनुमान नगर पुरानीबस्ती में किराये के मकान में रहने वाले नोखलाल साहू 26 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी 18 सितंबर को रात्रि करीब 11/30 बजे जोमेटो डिलवरी काम समाप्त करके अपने घर आ रहा था तभी कार्नर हाउस रेस्टोरेन्ट के पास कुशालपुर में जय पान पैलेस के सामने अपनी बाइक अपाचे क्रमांक सीजी 23 के 1299 टाइटेनियम ग्रे रंग को खड़ी करके पास के पान ठेला में गया था । पान ठेला से कुछ समय बाद वापस आकर देखा तो बाइक वहां पर नही थी। बाइक में ही चाबी लगी हुई थी बाइक की अनुमानित कीमत करीब 60,000/रूपयें है। बाइक के उपर हैंड रखा हुआ था जिसमे उसका रेडमी कंपनी का मोबाईल और पर्स में आईडी कार्ड,पांच बैक का एटीएम कार्ड भी था। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कामय कर मामला दर्ज कर लिया है।

### ब्राउन शूगर बेचने ग्राहक तलाश रहे तीन गिरफ्तार

**कोरिया (आरएनएस)।** थाना बैकुण्ठपुर-पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर ब्राउन शुगर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास 0.520 ग्राम ब्राउन शूगर बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना बैकुण्ठपुर-पुलिस को रविवार को सूचना मिली कि तीन व्यक्ति फैजल खान उर्फ विक्की पिता अफसर खान उम्र 24 वर्ष निवासी आमा खेरवा वार्ड क्रमांक 15 मनेंद्रगढ़,ओम प्रकाश चौधरी पिता राममिलन चौधरी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम राजनगर जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश एवं सुभाष कुजूर उर्फ शिब्बू पिता स्व इसहाक कुजूर उम्र 35 वर्ष निवासी आमा खेरवा वार्ड क्रमांक 15 मनेंद्रगढ़, एक सफेद रंग की अल्टो कार में बैठकर घूम घूम कर लोक परलोक ढाबा के आसपास अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर रखकर बिक्री हेतु ग्राहक तलाश कर रहे है। सूचना के आधार पर पुलिस ने अपने लोगों को ग्राहक बनाकर भेज गया और आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। मामलें में पुलिस ने आरोपियों के पास से 0.520 ग्राम ब्राउन शूगर बरामद किया है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ जिले के 203 करोड़ के पीडब्लूडी के कार्यों का किया वर्चुअल लोकार्पण और भूमिपूजन

» 20 करोड़ 56 लाख के 06 कार्यों का हुआ लोकार्पण

» 182 करोड़ से बनने जा रहे 108.50 किमी के 05 सड़क निर्माण कार्यों का हुआ भूमिपूजन



**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आज अपने निवास कार्यालय से रायगढ़ जिले में लोक निर्माण विभाग के 203 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया। जिसमें से 20 करोड़ 56 लाख रुपये के 06 कार्यों का लोकार्पण और 182 करोड़ 04 लाख रुपये के कुल 108.50 किलोमीटर के 05 विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन हुआ। इस अवसर पर रायगढ़ से विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया, विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, कलेक्टर भीम सिंह, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, अपर कलेक्टर आर.ए. कुरुवंशी, ईई पीडब्लूडी आर.के.खाम्बरा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

वर्चुअल आयोजित हुए कार्यक्रम में आज 4 करोड़ 65 लाख की लागत से बरमकेला जनपद के सरिया में शासकीय महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य, 31 लाख 24 हजार की लागत से रायगढ़ में पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला भवन का निर्माण कार्य, 01 करोड़ 06 लाख रुपये की लागत से खरसिया के शासकीय महाविद्यालय भवन में 6 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण, धरमजयगढ़ जनपद के ग्राम पुरूँगा में 75 लाख 23 हजार रुपये की लागत से शासकीय हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य, लैलूंगा में 58 लाख 23 हजार की लागत से तहसील कार्यालय भवन का निर्माण और 13 करोड़ 19 लाख की लागत से राधापुर से घुघरा मार्ग में माण्ड नदी पर पुल निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया।

इसके साथ ही आज रायगढ़ जिले के 108किमी के 05 सड़क निर्माण कार्यों का वर्चुअल भूमिपूजन हुआ। जिसमें 93 करोड़ 69 लाख की लागत से रायगढ़ से धरमजयगढ़ मार्ग के 56 किमी भाग का उन्नयन और चौड़ीकरण कार्य, 62 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत से 27.50 किमी पूंजीपथरा-तमनार-मिलूपारा मार्ग का निर्माण कार्य, 4 करोड़ 97 लाख की लागत से रायगढ़-लोइंग-महापल्ली-जामगांव मार्ग के 12 किमी भाग का डामरीकृत नवीनीकरण कार्य, 17 करोड़ 97 लाख की लागत से छाल से घरघोड़ा मार्ग के 10 किमी भाग का उन्नयन एवं मजबूतीकरण कार्य तथा 3 करोड़ 10 लाख की लागत से सारंगढ़ में 3 किमी लंबे उलखर मेन रोड से गोपालभौना-छुहीपाली मार्ग का निर्माण कार्य शामिल है।

## व्यापारी संघ ने परिवहन चेकपोस्ट बंद करने का किया स्वागत

**रायगढ़ (आरएनएस)।** रायगढ़ व्यापारी संघ ने केंद्र सरकार के परिवहन चेकपोस्ट बंद करने के आदेश का स्वागत करते हुए इसे भय मुक्त व्यापार की दिशा में एक कदम बताया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए रायगढ़ व्यापारी संघ के संयोजक राजेंद्र अग्रवाल एवं हीरा मोटवानी ने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त हुई है कि केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को परिवहन चेकपोस्ट बंद करने के आदेश दिए हैं। वर्तमान में यह चेक पोस्ट महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पांडिचेरी, गोवा, उत्तराखंड, राजस्थान, और छत्तीसगढ़ में संचालित है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में यह चेक पोस्ट लगभग 6 महीने पहले ही पुनः प्रारंभ किया गया था। केंद्र सरकार के इस फैसले से न केवल व्यापारी बल्कि ट्रांसपोर्टर्स भी अत्यंत प्रसन्न है. यह सर्वविदित है की इन चेक पोस्टों पर इनके उद्देश्यों का पालन ना होकर यह सभी भ्रष्टाचार के चेकपोस्ट बन गए थे। यहां हो रही अवैध उगाही की शिकायतें प्रतिदिन अखबार की सुर्खियां बनती आई है। परंतु इन पर कोई कार्यवाही नहीं होती है केंद्र सरकार के इस फैसले से कम से कम इस भ्रष्टाचार पर तो अंकुश लगेगा। रायगढ़ व्यापारी संघ के बजरंग महमिया और राजेश अग्रवाल ने इसका स्वागत करते हुए इसे भय मुक्त व्यापार की दिशा में एक अनुकरणीय कदम निरूपित किया है।

## महिलाओं के जीवन में गौठानों ने भरा संपन्नता का नया रंग

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्रामीण महिलाओं के जीवन में गौठानों ने आर्थिक संपन्नता का एक नया रंग भर दिया है। ग्रामीण महिलाओं को समूह के माध्यम से एक ही समय में एक से अधिक कार्य करके आर्थिक मजबूती प्राप्त करने का रास्ता गौठानों ने बखूबी दिखाया है। बिलासपुर जिले में 127 गौठानों में 204 स्व सहायता समूह की 1481 महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलम्बी हो गई है एवं अन्य महिलाओं को भी इस दिशा में प्रेरित कर रही है। गौठानों में आजीविका गतिविधियां जिनसे बिलासपुर जिले में 2 करोड़ 72 लाख रूपए से अधिक का कारोबार किया जा चुका है।

गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट, सामुदायिक बाड़ी, मशरूम उत्पादन, मछली पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, गोबर दिया, गोबर गमला, अगरबत्ती, साबुन निर्माण सहित अन्य आजीविका गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिले में गौठानों के माध्यम से 1 लाख 33 हजार 263 क्विंटल गोबर की खरीदी की जा चुकी है। 18 हजार 670 क्विंटल वर्मी खाद बनाया गया है एवं 16 हजार 301 क्विंटल वर्मी खाद की बिक्री की गई है। इसी प्रकार 14 हजार 172 क्विंटल सुपर कम्पोस्ट बनाया गया है एवं 6 हजार 787 क्विंटल सुपर कम्पोस्ट खाद की बिक्री की जा चुकी है।

जिले की ग्राम शिवतराई की महिलाओं ने कीर्तिमान बनाया है। समूह की महिलाओं ने बीते दो साल में 10 लाख रूपए की खाद एवं साढ़े चार लाख रूपए का केंचुआ बेचकर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर ली है। यहां आशीष महिला स्व सहायता समूह ने मुर्गी पालन से 12 हजार 877 रूपए की आमदनी अर्जित की है। कोटा विकासखण्ड में महामाया महिला स्व सहायता की महिलाओं ने दो वर्षों में 1037 क्विंटल खाद तैयार कर बिक्री की है। सहकारी समितियों में खाद की बिक्री कर इन्हें 10 लाख से अधिक की आमदनी हुई है। बाड़ी विकास के अंतर्गत समूह की महिलाएं 6 एकड़ में सब्जी की खेती कर रही है। हल्दी की बिक्री से उन्हें 25 हजार रूपए का मुनाफा हुआ है। 65 किलोग्राम मशरूम की बिक्री से समूह को 16 हजार 250 रूपए की आमदनी मिली है। बिल्हा विकासखण्ड के सेलर गौठान में शिव शक्ति की महिला समूह ने दोना पत्तल के व्यवसाय से अब तक 74 हजार 200 रूपए की शुद्ध आय अर्जित की है।

## यू-ट्यूब में क्राईम सीरिज देखकर चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

» कुछ दिनों पूर्व ज्वेलरी शॉप में दीवार तोड़कर की थी चोरी

**अंबिकापुर (आरएनएस)।** शहर के सत्यम ज्वेलर्स में पिछले दिनों हुई 30 लाख रूपए की चोरी के मामले में अंबिकापुर पुलिस ने एक शातिर चोर रवि रजक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और कई लोगों से पूछताछ के बाद इस शातिर चोर का पता लगा लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी का सारा सामान बरामद कर लिया है। आरोपी रवि पेशे से शेयर मार्केट में ऑनलाइन ट्रेडिंग का काम भी किया करता है।

मिली जानकारी के अनुसार 17 सितंबर को दुकान के मालिक सत्यम अशोक सोनी ने थाने में अपनी दुकान की दीवार तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा सोने चांदी के जेवर चोरी कर लेने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। सत्यम ज्वेलर्स में करीब 30 लाख की हुई चोरी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस की टीम एक्टिव होकर चोर का पता लगाने में जुटी हुई थी।

पुलिस ने चोरी के खुलासे के लिए उन तमाम लोगों की जानकारी निकाली जो हाल फिलहाल में चोरी के मामलों में जेल से छूटे थे। पुलिस को इस दौरान रवि रजक के बारे में भी जानकारी मिली। जांच टीम लगातार वारदात वाली जगह पर पूछताछ कर रही थी। एक ऑटो वाले से जानकारी मिली कि घटना की सुबह रवि बैग लेकर यहीं से एक ऑटो के जरिए अपने घर गया है। पुलिस ने इसके बाद रवि के घर पर छापा मारा। पूछताछ में उसने बताया कि वो यूट्यूब पर क्राइम सीरीज के कई धारावाहिक देखा करता था जिससे उसे पुलिस को गुमराह करने की तरकीब मिल जाया करती थी। इस चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए भी रवि ने गजब की प्लानिंग की। चोरी से एक-दो दिन पहले रवि अंबिकापुर



शहर से बाहर चला गया था। बिलासपुर से उसने ड्रिल मशीन खरीदी और इसे शहर से बाहर छुपा दिया था। घटना के दिन जानबूझकर रवि प्रतापपुर गया और वहां से वापस अंबिकापुर बस के जरिए पहुंचा, ताकि पुलिस को छानबीन में रवि के शहर से बाहर होने की जानकारी मिले। इसके बाद पहले से एक स्कूल के कंपाउंड में उसने ड्रिल मशीन, कुछ रस्सियां और बांस छुपा कर रखे थे। 16 सितंबर की रात के अंधेरे में रवि वहां पहुंचा और यहां से सत्यम ज्वेलर्स जाकर ड्रिल मशीन के जरिए दीवार में सुराख बनाकर दुकान में दाखिल हुआ। पुलिस को गुमराह करने के लिए रवि ने रेनकोट भी पहन रखा था। रवि के घर से ये रेनकोट भी मिला। पूछताछ करने पर रवि ने पुलिस को बताया कि उसने अपने कमरे में जमीन के नीचे चोरी के जेवर गाड़ रखे हैं, इसके बाद खुद ही जमीन खोदकर रवि ने तमाम जेवर निकालकर पुलिस को दिए और टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

मामले में यह भी पता चला है कि रवि ने इससे पहले भी कई इलाकों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। मणिपुर चौक में रितेश अग्रवाल नाम के व्यक्ति के किराना दुकान में घुसकर आरोपी ने डेढ़ लाख रुपए की चोरी किए थे, मुख्य डाकघर में 23 हजार चुराए थे। वाड्रफनगर की एक ज्वेलरी शॉप में भी रवि ने चोरी की थी, इसके अलावा शहर के गर्ग किराना स्टोर, महावीर मोबाइल, गीता मोबाइल में भी चोरी के प्रयास कर चुका था। इन मामलों में कुछ दिनों की पहले वह जेल भी जा चुका है।

## छग में अब तक 1036.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक 1 जून 2021 से अब तक राज्य में 1036.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 19 सितम्बर तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार कोरबा जिले में सर्वाधिक 1438.7 मिमी और कबीरधाम जिले में सबसे कम 823.1मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 894.6 मिमी, सूरजपुर में 1214.3 मिमी, बलरामपुर में 987.8 मिमी, जशपुर में 1039.7 मिमी, कोरिया में 989 .3मिमी, रायपुर में 892.2 मिमी, बलौदाबाजार में 939.6 मिमी, गरियाबंद में 1002.8 मिमी, महासमुंद में 875.9 मिमी, धमतरी में 964.0 मिमी, बिलासपुर में 1034.9 मिमी, मुंगेली में 1013.9 मिमी, रायगढ़ में 888.8 मिमी, जांजगीर चांपा में 1034.4 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1345.5 दुर्ग में 973.1 मिमी, राजनांदगांव में 902.4 मिमी, बालोद में 857.0 मिमी, बेमेतरा में 1121.8 मिमी, बस्तर में 1030.1 मिमी, कोण्डागांव में 1006.0 मिमी, कांकेर में 968.8 मिमी, नारायणपुर में 1190.4 मिमी, दंतेवाड़ा में 1101.5 मिमी, सुकमा में 1339.2 मिमी और बीजापुर में 1142.3 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

# गाँवों के विकास से छत्तीसगढ़ के विकास की राह होगी मजबूत- मंत्री उमेश

» उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने 2 करोड़ 23 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

**रायगढ़।** उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने आज खरसिया विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों के जनसंपर्क में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 2 करोड़ 23 लाख 75 हजार रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया।

उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने गांवों में जनसंपर्क के दौरान ग्रामवासियों को संबोधित करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ की आत्मा गांवों में बसती है क्योंकि प्रदेश की करीब 80 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है। ऐसे में शासन गांवों के विकास को केन्द्र में रखते हुए कई योजनाएं संचालित कर रही हैं, क्योंकि गाँवों का विकास होने से ही छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास की राह मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने खेती के जमीन है ऐसे किसानों के साथ गांवों के भूमिहीन श्रमिकों की सहायता के लिए योजना शुरू की है। किसानों को जहां राजीव गांधी किसान न्याय योजना से धान सहित दूसरी फसलों के लिए आदान सहायता मिल रही है। वहीं भूमिहीन श्रमिकों के लिए राजीव गांधी भूमिहीन कृषि श्रमिक योजना शुरू की है। जिसका पंजीयन कार्य अभी जारी है। इसके माध्यम से इन श्रमिक परिवारों को वार्षिक सहायता इसी वित्तीय वर्ष से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायतों में इससे संबंधित जानकारी चस्पा की जा रही है। सभी पात्र हितग्राही पंजीयन कराएं जिससे उन्हें योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण व आदिवासी अंचलों में निवासरत वनोपज संग्राहक परिवारों के आमदनी के प्रमुख स्त्रोत को ध्यान में रखते हुए विभिन्न वनोपज को समर्थन मूल्य में



खरीदी के दायरे में शामिल कर दामों में वृद्धि की गयी। 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ किया गया। ये सभी योजनाएं ग्रामीण विकास को ध्यान में रखकर ही शुरू की गयी हैं।

उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने कहा कि गांवों में ग्रामवसियों की आवश्यकता और मांग के अनुसार अधोसंरचना विकास के कार्य किये जा रहे हैं। गांवों में सीसी रोड निर्माण, आंगनबाड़ी भवन, सामुदायिक भवन, सांस्कृतिक मंच, मुक्ति धाम जैसे निर्माण कार्य लगातार किये जा रहे हैं। उन्होंने लोकार्पित कार्यों के लिए सभी ग्रामवसियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इससे गांव में मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में आसानी होगी। जनसम्पर्क के दौरान ग्रामवासियों की समस्याओं से वे अवगत हुए तथा जल्द उसका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती श्रीमती संतोषी राठिया, श्रीमती पूर्णिमा विजय जायसवाल, सरपंच पतरापाली छेदीलाल राठिया, सरपंच छोटे देवगांव श्रीमती बैजन्ती रामभरोस कंवर, सरपंच ढिमानी श्रीमती रामबाई भगवानदीन सिदार, उपसरपंच श्रीमती महिमा तिहारू जायसवाल, श्रीमती ताराबाई अयोध्या पटेल जी, गौतम राठिया, श्रीमती अर्चना रामलाल सिदार, सूकदेव डेनसना, मनोज गबेल, अभय महंती सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**इन कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं भूमिपूजन-**

ग्राम-छोटे देवगांव में 14.15 लाख रुपये की लागत से पंचायत भवन निर्माण, 15.39 लाख रुपये की लागत से स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण एवं 6.45 लाख रुपये की लागत से आंगनबाड़ी भवन निर्माण, ग्राम-पतरापाली में 6.45 लाख रुपये की लागत से आंगनबाड़ी भवन निर्माण, 75 हजार रुपये की लागत से पानी टंकी निर्माण, 4.41 लाख रुपये की लागत से प्राथ.शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, ग्राम-लोधिया में 6.45 लाख रुपये की लागत से आंगनबाड़ी भवन निर्माण एवं 9 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम-ढिमानी में 6.45 लाख रुपये की लागत से आंगनबाड़ी भवन, 5 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण एवं 75 हजार रुपये की लागत से सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य शामिल है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480